सं. 4/1/2016-रा.भा.(सेवा)-पार्ट

भारत सरकार

गृह मंत्रालय/राजभाषा विभाग

एनडीसीसी-II भवन,
बी विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली -110001
दिनॉक 3 जनवरी, 2019

कार्यालय आदेश

राजभाषा विभाग के दिनांक के दिनांक 17.03.2016 के कार्यालय आदेश सं. 5/2/2015-रा.भा. (सेवा) के माध्यम से श्री रणवीर सिंह को वर्ष 2011-12 की रिक्तियों के विरुद्ध एवं सुश्री उषा वर्मा, श्री जय सिंह, सुश्री शशि लता, एवं सुश्री मंजीत कमल को वर्ष 2012-13 की रिक्तियों के विरुद्ध सहायक निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया था।

2. तत्पश्चात सहायक निदेशकों की अनंतिम वरीयता सूची जारी करते हुए, राजभाषा विभाग ने दिनांक 30.03.2016 / 05.04.2016 के कार्यालय ज्ञापन सं. 4/1/2016-रा.भा.(सेवा) के माध्यम से इस संबंध में आपत्तियाँ मँगवाई थीं, जिसके संदर्भ में राजभाषा विभाग को कई आपत्तियाँ प्राप्त हुई थी, जिन पर विधि कार्य विभाग एवं कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग से परामर्श लिया गया था ।

3. विधि कार्य मंत्रालय एवं कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के मतानुसार, रिक्ति वर्ष 2011-12 एवं 2012-13 में लागू भर्ती नियम, जो कि दिनांक 31.10.2006 को अधिसूचित किए गए थे, के अनुसार उपरोक्त में से कोई भी अधिकारी अपनी सहायक निदेशक के पद पर पदोन्नति के रिक्ति वर्ष की Crucial Date पर पदोन्नति हेतु पात्र नहीं था, अतः सभी अधिकारियों की वर्ष 2011-12 एवं 2012-13 की पदोन्नति को निरस्त करते हुएवरिष्ठ हिन्दी अनुवादक के पद पर प्रत्यावर्तित किया जाए एवं जब वे अधिकारी पात्रता पूरी करें, तब पदोन्नत किया जाए।

4. उपरोक्त अनुसार श्री रणवीर सिंह की वर्ष 2011-12 से एवं सुश्री उषा वर्मा, श्री जय सिंह, सुश्री शशि लता, एवं सुश्री मंजीत कमल की वर्ष 2012-13 से सहायक निदेशक के पद पर पदोन्नति को तुरंत प्रभाव से निरस्त करते हुए उन्हें वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक के पद पर प्रत्यावर्तित किया जाता है।

5. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(एन. श्रीवास्तव)
अवर सचिव, भारत सरकार

1. अवर सचिव (प्रशा. / स्था.), रक्षा मंत्रालय, सेना भवन, नई दिल्ली -01.
2. उप निदेशक (प्रशा. / स्था.), केंद्रीय विधुत प्राधिकरण, पाँचवी मंज़िल, सेवा भवन, आर. के. पुरम, सैक्टर -1, नई दिल्ली – 110066.
3. अवर सचिव (प्रशा. / स्था.), कृषि एवं सहकारिता विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली - 01.
4. अवर सचिव (प्रशा. / स्था.), पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय, सी विंग, चौथी मंज़िल, पंडित दीनदायल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली – 03.
6. अवर सचिव (प्रशा. / स्था.), न्याय विभाग, शास्त्री भवन, विधि एवं न्याय मंत्रालय, नई दिल्ली – 01